Title : Regarding need to link Indralok and Moti Nagar in Delhi by Metro Rail.

श्री सज्जन कुमार (बाहरी दिल्ली) : अध्यक्ष महोद्य, राजधानी दिल्ली में मैट्रो रेल चलाने से यात्रियों की सुविधायें बढ़ी हैं तथा साथ में सरकार का रेवन्यू भी बढ़ा है। कई मैट्रो लाइनों का निर्माण प्रगति में है। बाराखंभा-रोहिणी-द्वारका लाइन अतिशीघ्र चालू होने की संभावना है तथा शाहदरा-रिठाला लाइन पहले से ही चल रही है। इन दोनों को जोड़ने की अत्यंत आवश्यकता है, जिसे पश्चिम दक्षिण केन्द्र तथा पूर्वी दिल्ली जोन से जोड़ा जा सके। इसके समाधान के लिए मैं सुझाव देना चाहता हूं कि शाहदरा से रिठाला के मध्य इन्द्रलोक से बाराखंभा-रोहिणी-द्वारका लाइन को मोती नगर से जोडने में समाधान है। यह दूरी केवल 3 किलोमीटर है तथा इसके निर्माण के लिए जनसुविधा को मद्देनजर रखते हुए विचार किया जाना चाहिए।

अतः मैं शहरी विकास मंत्रालय से अनुरोध करता हूं कि इस सुझाव पर विचार कर अतिशीघ्र 3 किलोमीटर, इन्द्रलोक-मोतीनगर के बीच, मैट्रो लाइन की स्वीकृति प्रदान की जाये।